आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: nsscceraj@gmail.com Ph.: 8209357575

क्रमांकः एफ.8(7)कैलेण्डर/एनएसएस/आकाशि/2022/567-69 दिनांकः 26 अक्टूबर, 2023

प्राचार्य,
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय,
(एन.एस.एस. से सम्बद्ध)
राजस्थान।

विषय :– स्वयं सेवकों की सूचना भिजवाने बाबत।
सन्दर्भः– राज्य सम्पर्क अधिकारी, शासन सचिवालय, जयपुर के पत्र क्रमांक प. 2(9)शिक्षा/4–अ/2023 जयपुर दिनांक 31.07.2023.

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का वार्षिक कैलेण्डर सत्र 2023–24 जारी कर अक्षरशः पालना करने हेतु निर्देशित किया गया था। वार्षिक कैलेण्डर के अन्तिम पृष्ठ संख्या 14 पर 25 कॉलम का प्रपत्र संलग्न किया गया है। उक्त प्रपत्र में आपकी संस्थान में सत्र 2023–24 में प्रवेशित स्वयं सेवकों की सूचना चाही गई थी परन्तु आज दिनांक तक आप द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने के कारण भारत सरकार द्वारा आपकी संस्थान को आवंटित बजट राशि जारी करने में विलम्ब हो रहा है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि विभाग द्वारा सत्र 2023–24 के लिए जारी वार्षिक कैलेण्डर के अन्तिम पृष्ठ संख्या 14 में वर्णित 25 बिन्दुओं में आपकी संस्थान में सत्र 2023–24 में प्रवेशित स्वयं सेवकों की सूचना एक्सलसीट में भर कर **दिनांक 04.11.2023** तक राज्य सम्पर्क अधिकारी एवं अद्योहस्ताक्षरकर्ता की मेल आईडी पर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि आपकी संस्थान को समय पर आवंटित बजट राशि उपलब्ध करवायी जा सके।

कृपया कार्य को प्राथमिकता देवें।

प्रतिलिपि –

1. सम्बन्धित जिला समन्वयक, राजस्थान को प्रेषित कर लेख है कि आपके अधीन महाविद्यालयों के प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी से सम्पर्क कर दिनांक 31.10.2023 तक वांछित सूचना उपलब्ध करवावें।
2. वेब साइड प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर को अपलोड हेतु।

26.10.23

(डॉ. सुरेन्द्र सिंह)
राज्य सम्पर्क अधिकारी/
राज्य समन्वयक,
युवा कौशल एवं विकास प्रकोष्ठ